हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर उन असंख्य लोगों को याद किया है, जो विभाजन की त्रासदी से पीड़ित और प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि आज उन सभी लोगों के साहस को सम्मान देने का दिन भी है और यह मानवीय सामर्थ्य के उच्च स्तर को दर्शाता है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि विभाजन से प्रभावित बहुत से लोगों ने अपने जीवन की देश में पुन: शुरूआत की और अपार सफलता अर्जित की। उन्होंने देश में एकता और भाईचारे की भावना को सदैव संरक्षित करने की देश की प्रतिबद्धता पर भी बल दिया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड की 57वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के 2100 करोड़ रुपये से अधिक के कुल 814 कार्यों को मंजूरी दी गई। शहरी जलापूर्ति योजना के लिए 40 करोड़ 13 लाख रुपये के 120 कार्यों तथा शहरी क्षेत्रों के लिए सीवरेज योजनाओं के 152 करोड़ 55 लाख रुपये के 42 कार्यों को मंजूरी दी गई।अमृत द्वितीय कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए जलापूर्ति योजनाओं में 1315 करोड़ 61 लाख रुपये की 34 नई योजनाएं तथा 754 करोड़ 20 लाख रुपये की 5 नई सीवरेज योजनाएं स्वीकृत की गई। शहरी क्षेत्रों में बाढ़ कार्य कार्यक्रम के तहत जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 70 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई। साथ ही जल निकासी व्यवस्था के लिए 14 करोड़ 20 लाख रुपये की नई योजनाएं स्वीकृत की गई।नूंह और पलवल जिलों के 108 गांवों को प्रभावित करने वाले गंभीर पेयजल संकट से निपटने के लिए एक

नई एकीकृत रेनीवेल आधारित जल आपूर्ति योजना को मंजूरी दी गई है।मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित समय में गुणवत्ता मानकों के साथ पूरा किया जाना चाहिए।

....

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल करनाल में आयोजित तिरंगा यात्रा में एक बड़े जनसमूह के साथ भाग लिया । इस दौरान लोग बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा शहर के अलग-अलग चौक से होते हुए गुजरा। यात्रा का शुभारंभ रामलीला सभा से हुआ और समापन कुंजपुरा रोड के सनातन धर्म मंदिर पर हुआ।यात्रा से पूर्व रामलीला सभा के हॉल में जनसमूह को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से आह्वान किया कि अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लेंने का आह्वान किया ।

....

पंचकूला में कल तिरंगा यात्रा निकली गई । जो पंचकुला के शहीद भगत सिंह चौक से आरम्भ होकर शहीद मेजर संदीप सांखला चौक पर संपन्न हुई। जहां पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मेजर संदीप सांखला शहीदी स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष की अगुवाई में निकाली गई भव्य तिंरगा यात्रा में हजारों की संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों, बच्चों और महिलाओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री की इस मुहिम में अपनी भागीदारी दर्ज की।

....

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर देश का नाम रोशन करने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ी अभिषेक नैन का कल सोनीपत में भव्य स्वागत किया गया। सोनीपत के मयूर विहार के रहने वाले अभिषेक नैन का प्रदर्शन इस ओलंपिक में बेहतरीन रहा अपने फील्ड गोल से अभिषेक ने पूरी दुनिया

की निगाहे अपनी तरफ़ खींची । अभिषेक ने विनेश फोगाट पर बोलते हुए कहा कि हम दुआ कर रहे हैं कि उनको पदक मिले जिसके लिए उन्होंने मेहनत की है।इससे पहले सोनीपत में भारतीय हॉकी टीम की आन बान और शान सुमित का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

पेरिस ओलिम्पिक फाइनल में अयोग्य ठहराये जाने के खिलाफ पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर खेलों की मध्यस्थता अदालत के अनौपचारिक संभाग ने एक बार फिर अपना फैसला टाल दिया है। अब परसों 16 अगस्त को रात साढे नौ बजे इस मामले में फैसला सुनाया जाएगा। इससे पहले अदालत का फैसला कल रात को घोषित किया जाना था।भारत की महिला कुश्ती खिलाडी विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक खेलों में अयोग्य करार दे दिया गया था क्योंकि स्वर्ण पदक के लिए खेलने से पहले उनका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। फोगाट ने अदालत में अपनी अयोग्यता के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें साझा रजत पदक दिये जाने का अनुरोध किया था।